कोटद्वार, गुरूवार
8 फरवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 276 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# उत्तराखंड विधानसभा ने रचा इतिहास, सीएम धामी के नेतृत्व में पास हुआ यूसीसी बिल



## समान नागरिक संहिता विधेयक पर दो दिनों तक हुई लंबी चर्चा

देहरादून। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक उत्तराखंड 2024 बुधवार को विधानसभा में पारित कर दिया गया। विधेयक पर दो दिनों तक लंबी चर्चा हुई। सत्ता और विपक्ष के सदस्यों ने विधेयक के प्रावधानों को लेकर अपने–अपने सुझाव दिए। इस प्रकार उत्तराखंड विधानसभा आजाद भारत के इतिहास में समान नागरिक संहिता का विधेयक पारित करने वाली पहली विधानसभा बन गई है।

मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता विधेयक उत्तराखंड 2024 को विधानसभा में पेश किया था। आज बुधवार को सदन में विधेयक पर चर्चा के बाद सदन ने इसे पास कर दिया। अब अन्य सभी विधिक प्रक्रिया और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बनेगा। विधेयक में सभी धर्म–समुदायों में विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता और विरासत के लिए एक कानून का प्रावधान है। महिला–पुरुषों को समान अधिकारों की सिफारिश की गई है। अनुसूचित जनजातियों को इस कानून की परिधि से बाहर रखा गया है। बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता से किए गए वायदे के अनुसार पहली कैबिनेट बैठक में ही यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने का फैसला किया। सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर दी गई। समिति ने व्यापक जन संवाद और हर पहलू का गहन अध्ययन करने के बाद यूसीसी के ड्रॉफ्ट को अंतिम रूप दिया है। इसके लिए प्रदेश भर में 43 जनसंवाद कार्यक्रम और 72 बैठकों के साथ ही प्रवासी उत्तराखंडियों से भी समिति ने संवाद किया।

**कुप्रथाओं पर लगेगी रोकः**

समान नागरिक संहिता विधेयक के कानून बनने पर समाज में बाल विवाह, बहु विवाह, तलाक जैसी सामाजिक कुरीतियों और कुप्रथाओं पर रोक लगेगी, लेकिन किसी भी धर्म की संस्कृति, मान्यता और रीति–रिवाज इस कानून से प्रभावित नहीं होंगे। बाल और महिला अधिकारों की यह कानून सुरक्षा करेगा।

## यूसीसी के अन्य जरूरी प्रावधानः

- विवाह की पंजीकरण अनिवार्य। पंजीकरण नहीं होने पर सरकारी सुविधाओं से होना पड़ सकता है वंचित।
- पति–पत्नी के जीवित रहते दूसरा विवाह पूर्णतः प्रतिबंधित।
- सभी धर्मों में विवाह की न्यूनतम उम्र लड़कों के लिए 21 वर्ष और लड़कियों के लिए 18 वर्ष निर्धारित। वैवाहिक दंपत्ति में यदि कोई एक व्यक्ति बिना दूसरे व्यक्ति की सहमति के अपना धर्म परिवर्तन करता है तो दूसरे व्यक्ति को उस व्यक्ति से तलाक लेने व गुजारा भत्ता लेने का पूरा अधिकार होगा।
- पति–पत्नी के तलाक या घरेलू झगड़े के समय 5 वर्ष तक के बच्चे की कस्टडी उसकी माता के पास ही रहेगी।
- सभी धर्मों में पति–पत्नी को तलाक लेने का समान अधिकार।
- सभी धर्म–समुदायों में सभी वर्गों के लिए बेटा – बेटी को संपत्ति में समान अधिकार।
- मुस्लिम समुदाय में प्रचलित हलाला और इद्दत की प्रथा पर रोक।
- संपत्ति में अधिकार के लिए जायज और नाजायज बच्चों में कोई भेद नहीं किया गया है। नाजायज बच्चों को भी उस दंपति की जैविक संतान माना गया है।
- किसी व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात उसकी संपत्ति में उसकी पत्नी व बच्चों को समान अधिकार दिया गया है। उसके माता–पिता का भी उसकी संपत्ति में समान अधिकार होगा। किसी महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे के संपत्ति में अधिकार को संरक्षित किया गया ।
- लिव–इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण अनिवार्य। पंजीकरण कराने वाले युगल की सूचना रजिस्ट्रार को उनके माता–पिता या अभिभावक को देनी होगी।
- लिव–इन के दौरान पैदा हुए बच्चों को उस युगल का जायज बच्चा ही माना जाएगा और उस बच्चे को जैविक संतान के समस्त अधिकार प्राप्त होंगे।
- हमारे देश के प्रधानमंत्री राष्ट्रऋषि नरेन्द्र मोदी जी विकसित भारत का सपना देख रहे हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है। उनके नेतृत्व में यह देश तीन तलाक और धारा–370 जैसी ऐतिहासिक गलतियों को सुधारने के पथ पर है। समान नागरिक संहिता का विधेयक आदरणीय प्रधानमंत्री जी द्वारा देश को विकसित, संगठित, समरस और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए किए जा रहे महान यज्ञ में हमारे प्रदेश द्वारा अर्पित की गई एक आहुति मात्र है। यूसीसी के इस विधेयक में समान नागरिक संहिता के अंतर्गत जाति, धर्म, क्षेत्र व लिंग के आधार पर भेद करने वाले व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित सभी कानूनों में एकरूपता लाने का प्रयास किया गया है।

## एक नजर

### फंदे में लटका मिला शव

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप निवासी एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके ही घर में साड़ी के बने फंदे से लटका मिला। पुलिस के मौके पर पहुंचने के पहले ही युवक के परिजन उसे अस्पताल ले गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आजादनगर ट्रांजिट कैंप निवासी विक्की हाल्दार (26) पुत्र हरी हाल्दार घरों में पेंटर का काम करता था। विक्की की बहन का कहना था कि मंगलवार दोपहर को विक्की भाभी के भाई के साथ कहीं बाहर गया था। रात को वह नशे की हालत में घर पहुंचा। इसके बाद वह उसे देखने उसके कमरे में पहुंची। यहां उसका शव साड़ी से बने फांसी के फंदे से लटका मिला। यह देखकर उसकी बहन ने परिवार के अन्य सदस्यों को बुलाया और उसे फंदे से नीचे उतारकर एक निजी अस्पताल ले गए। जहां उसे भर्ती करने से मना करने पर उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और उसके परिवार के लोगों से घटना की जानकारी ली। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


### बस में जा घुसी नाबालिग की बाइक चालक की मौत

रुड़की। नेशनल हाईवे पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार नाबालिग की मौत हो गई। जबकि तीन किशोरियां गंभीर रूप से घायल हो गई। दुघर्टना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने नाबालिग के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि घायल किशोरियों को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।बुधवार दोपहर के वक्त नारसन क्षेत्र के गांव उल्हेड़ा निवासी एक नाबालिग अपने परिवार की तीन किशोरियों के साथ मंगलौर की ओर आ रहा था। इस बीच मुंडियाकी गांव के पास बस में आकर बाइक घुस गई। दुघर्टना में बाइक चालक नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीनों किशोरियां भी गंभीर रूप से घायल हो गई। दुघर्टना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

# हरक सिंह व आईएफएस के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**ईडी के छापे में मिले करोड़ों, मशीन से गिने जा रहे नोट,पूछताछ जारी**

**कांग्रेसी नेता हरक सिंह व यौन शोषण में घिरे आईएफएस पटनायक की बढ़ी मुश्किलें**





देहरादून। उत्तराखण्ड के सत्ता गलियारों व आम जनता के लिए बुधवार काफी हॉट साबित हुआ। एक तरफ समान नागरिक संहिता विधेयक की धूम रही। सभी इस चर्चित विधेयक पर जारी चर्चा पर कान लगाए हुए थे। तो दूसरी तरफ वरिष्ठ मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरक सिंह और यौन शोषण के मामले में घिरे सीनियर आईएफएस सुशांत पटनायक के आवास पर ईडी की टीम रोकड़ा व दस्तावेज खंगाल रही थी। इनके अलावा रुद्रपुर/काशीपुर निवासी अमित के यहां भी ईडी ने छापा मारा। ईडी को छापेमारी में करोड़ों रुपए और महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले। रात 9 बजे तक नेता–अधिकारियों के ठिकाने पर छापे की कार्रवाई जारी थी।कुल मिलाकर प्रदेश की नौकरशाही और राजनीतिक गलियारे में ईडी और यूसीसी की धमक से माहौल गरमाया रहा।

सूत्रों का कहना है कि आईएफएस पटनायक के घर ईडी टीम को करोड़ों रुपए मिले। दो मशीनों से इनकी गिनती हो रही है। कैनाल रोड स्थित आवास में नोट गिनने के लिए मशीनें मंगवाई गयी। हाल ही में प्रदूषणनि यंत्रण बोर्ड के सचिव रहे पटनायक पर महिला कर्मी ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। इस मुद्दे पर पटनायक पर मुकदमा भी दर्ज हो गया। और आईएफएस पटनायक को वन मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया था। इस मामले की जिला प्रशासन की कमेटी भी अलग से जॉच कर रही है।

**जिम कार्बेट में सफारी निर्माण घपले में ईडी ने मारा छापा**

इधर, बुधवार की सुबह से ही ईडी की टीम ने पूर्व मंत्री हरक सिंह के दून व श्रीनगर गढ़वाल स्थित आवास समेत कई अन्य ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी। वन महकमे के घपले से जुड़े मामले में यह कार्रवाई की गई है।

सूत्रों के मुताबिक पूर्व मंत्री हरक सिंह के सहसपुर इलाके में स्थित मेडिकल कालेज, हॉस्टल के अलावा लालतप्पड़ स्थित पेट्रोल पंप पर छापेमारी कर महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। इन संस्थानों से जुड़े अधिकारी व कर्मियों से दिन भर पूछताछ चलती रही। हरक से जुड़े लोगों के अन्य ठिकानों पर भी ईडी के एक्शन की खबर है।

सूत्रों का कहना कि दून की डिफेंस कालोनी स्थित आवास पर ईडी ने कुछ अलमारियों की चाबी नहीं मिलने पर मिस्त्री की मदद ले ताले खुलवाए। यहां से भी ईडी को कई दस्तावेज मिले।इसके अलावा रुद्रपुर निवासी व भाजपा से जुड़े अमित सिंह के आवास पर भी ईडी को काफी जानकारी हाथ लगी है। रिटायर डीएफओ किशन चंद के हरिद्वार स्थित आवास पर भी कार्रवाई की खबर सामने आ रही है। किशन चंद जिम कार्बेट के घपले में जेल की हवा भी खा चुके हैं। समाचार लिखे जाने तक ईडी की कार्रवाई जारी थी। ईडी की ओर से विस्तृत आधिकारिक समाचार की प्रतीक्षा है।

## 'बेरोजगारी और महंगाई दोनों में आ रही कमी', लोकसभा से अंतरिम बजट पारित

नई दिल्ली। आगामी वित्त वर्ष 2024–25 के लिए गत एक फरवरी को पेश अंतरिम बजट को बुधवार को लोकसभा से पारित कर दिया गया। अंतरिम बजट पर लोकसभा में विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश में बेरोजगारी और महंगाई दर में भी कमी आ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आगामी वित्त वर्ष 2024–25 में किसी भी कल्याणकारी योजनाओं के मद में कोई कटौती नहीं की है। सरकार की वित्तीय मजबूती की वजह से राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रखा गया है, जबकि पहले यह लक्ष्य 5.2 प्रतिशत था।

**क्या कुछ बोलीं निर्मला सीतारमण?**

लोकसभा में चर्चा के दौरान बेरोजगारी व वर्क फोर्स को लेकर उठाए गए सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2017–18 में बेरोजगारी दर छह प्रतिशत थी, जो वित्त वर्ष 2022–23 में घटकर 3.2 प्रतिशत हो गई। 2017–18 में यूथ वर्क फोर्स 38.2 प्रतिशत थे, जो वित्त वर्ष 22–23 में बढ़कर 44.5 प्रतिशत हो गए यानी कि इसमें 6.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। उन्होंने कहा,वर्क फोर्स में महिलाओं की भागीदारी भी लगातार बढ़ती जा रही है। असंगठित सेक्टर के श्रमिकों के लिए ई–श्रम पोर्टल की शुरुआत की गई है और इस पोर्टल पर अब तक 29 करोड़ श्रमिकों ने अपना पंजीयन किया है और इनमें 53 प्रतिशत महिलाएं हैं।

# राष्ट्रीय एकता यात्रा पर आए कोहिमा, नागालैंड के छात्र–छात्राओं ने की राज्यपाल से भेंट





देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में राष्ट्रीय एकता यात्रा पर आये कोहिमा, नागालैंड के छात्र–छात्राओं ने भेंट की। ह्यह्यऑपरेशन सद्भावना परियोजनाह्यह्य के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता यात्रा में कोहिमा नागालैंड क्षेत्र के 4 शिक्षकों के साथ 20 छात्र–छात्राएं शामिल हैं। 13वीं बटालियन असम राइफल्स के सौजन्य से आए ये छात्र–छात्राएं देहरादून स्थित विभिन्न संस्थानों का भ्रमण कर रहे हैं। बच्चों की इस यात्रा का उद्देश्य विभिन्न स्थानों की संस्कृति, विकास, तकनीकी और आर्थिक प्रगति का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने के साथ–साथ ज्ञानार्जन एवं करियर के अवसरों को अर्जित करने हेतु निकट से जानने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। राज्यपाल ने सभी बच्चों से वार्तालाप की और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक यात्रा उन्हें कई चीजें सीखने को मिलेंगी जो आगे उनके भविष्य में काम आएंगी। राज्यपाल ने बातचीत के दौरान छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय एकता के प्रति प्रेरित किया और राष्ट्र निर्माण में बढ़–चढ़कर योगदान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शैक्षिक यात्रा बेहतर नौकरियां और करियर हासिल करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने पूर्वोत्तर में सेवाएं देने के दौरान अपने अनुभवों को बच्चों के साथ साझा किया। उन्होंने असम राइफल्स के प्रयासों की सराहना की। इस यात्रा में 13वीं बटालियन असम राइफल्स के टीम लीडर मेजर रमन पंवार एवं छात्र–छात्राएं मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### रुड़की के लघु व्यापारियों की बुधबाजार में नारेबाजी

रुड़की। सिंचाई विभाग की भूमि पर लगने वाले बुध बाजार में व्यापारियों ने बाजार बंद कर तहबाजारी का विरोध किया। आरोप लगाया कि मनमानी कर ठेकेदार की ओर से तहबाजारी वसूली जाती है। विरोध पर लघु व्यापारियों के साथ अभद्रता की जाती है। वहीं ठेकेदार ने कुछ लोगों पर दुकानदारों को बरगलाकर ठेकेदारी में अपना साझा करने का आरोप लगाया है। रुड़की में बुध बाजार लगाने वाले लघु व्यापारियों ने एकत्र होकर नारेबाजी कर हंगामा किया। इस दौरान समाजसेवी योगेश कुमार के नेतृत्व में सिंचाई विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि जिस व्यक्ति को सिंचाई विभाग की ओर से तहबाजारी का ठेका दिया गया है वह मनमानी वसूली करता है। आरोप लगाया कि व्यापारियों से अभद्रता की जाती है।

### रामलला के रंग पर कांग्रेस विधायक की टिप्पणी से विवाद, जमकर हुआ बवाल

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा में यूनिफॉर्म सिविल कोड पर बहस के दौरान उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब कांग्रेस के एक विधायक ने अयोध्या में रामलला की स्थापित मूर्ति के रंग पर सवाल उठा दिया। कांग्रेस विधायक आदेश सिंह चौहान ने बुधवार को विधानसभा में रामलला पर अपनी टिप्पणी से विवाद खड़ा कर दिया। चौहान ने कहा, 'इस (यूसीसी) पर ज्यादा चर्चा नहीं हुई। लेकिन संसदीय कार्यमंत्री (प्रेम चंद्र अग्रवाल) ने कई बार राम मंदिर का संदर्भ दिया कि राम मंदिर बन गया। यह अच्छी बात है। मैंने जितना ग्रंथों में पढ़ा है हमारे भगवान राम सांवले थे, लेकिन इन्होंने उन्हें काला बना दिया, मैं इसे समझ नहीं पा रहा।' उनकी बात का जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने कहा, 'आदरणीय स्पीकर मैडम, यह हमारे देश के लिए बहुत दुर्भाग्य है कि वोट बैंक और ध्रुवीकरण की वजह से यूसीसी (उनके समय में) नहीं लिया गया।' इस पर सत्ता और विपक्ष में जोरदार बहस हुई। अग्रवाल ने कहा, 'इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' इसके बाद सत्ता पक्ष के सदस्य जय श्री राम के नारे लगाने लगे। यह पहली बार नहीं था जब यूसीसी पर बहस के दौरान राम मंदिर का जिक्रकिया गया।

विधानसभा में मंगलवार को पेश किए गए समान नागरिक संहिता पर दूसरे दिन भी बहस हुई।

## मदरहुड और श्रीदेव सुमन विश्वविद्यायल में अनुबंध



रुड़की। मदरहुड विश्वविद्यालय और श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय बादशाही थोल टिहरी के बीच शैक्षिणिक अनुबंध हुआ है। मदरहुड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेंद्र शर्मा ने इस अनुबंध को शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर बताया है। अनुबंध पर मदरहुड विश्वविधालय के कुलसचिव अजय गोपाल शर्मा और श्रीदेव सुमन विश्वविधालय से प्रो. वी के गुप्ता ने सर्व सहमति से हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. अनुज शर्मा मौजूद रहे। मदरहुड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेंद्र शर्मा ने बताया कि यह अनुबंध दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक क्षेत्रों में नये–नये आयाम स्थापित करेगा और सेमिनार, वर्कशॉप,कॉन्फ्रेंस में दोनों विश्वविद्यालय साथ मिलकर आयोजित करेंगे। जिससे दोनों विश्वविद्यालय के शिक्षकों को नई तकनीकों को सीखने और आदान प्रदान करने का अवसर मिलेगा। दोनों विश्वविद्यालय एक साथ मिलकर नये शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में कार्य करेंगे। जिससे हमारे शिक्षक भविष्य की नवीन तकनीकों और शोध के विषयों से अवगत हो सके। कुलपति प्रो. नरेंद्र शर्मा ने अनुबंध होने पर श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एनके जोशी और डॉ. वीके गुप्ता का आभार प्रकट किया है।

### एक घंटे में लूट की चार वारदात करने में शिक्षिका का बेटा गिरफ्तार

देहरादून। एक घंटे के भीतर मोबाइल और पर्स लूट की चार वारदातों को अंजाम देने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से लूटे गए मोबाइल फोन और महिलाओं के पर्स बरामद हुए हैं। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि मंगलवार देर रात आरती शर्मा निवासी फ्रेंड्स एंक्लेव डिफेंस कॉलोनी ने तहरीर दी। बताया कि वह शाम के समय वह अपने ऑफिस से घर जा रही थी। राजीवनगर कट पर काले रंग के स्कूटर पर सवार लड़के ने उनका बैग लूट लिया। बैग में दो हजार रुपये नगदी और दस्तावेज थे। इसके घंटे के भीतर आरोपी ने सर्कुलर रोड पर दीपक सिंह नेगी की माता का पर्स लूटा। जिसमें उनका मोबाइल फोन था। देना बैंक बलवीर रोड के पास कलावती दानू निवासी मोहिनी रोड का पर्स लूटा। सर्कुलर रोड पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज की कोठी के पास रेनू देवी के हाथ से बैग लूटा। उसमें दो हजार रुपये नगदी और अन्य दस्तावेज थे। लगातार लूट की वारदातों का पता लगने पर पुलिस ने इस इलाके में नाकेबंदी कर चेकिंग शुरू की। पुलिस ने बद्रीश कालोनी के पास खाली प्लॉट से आरोपी अर्चित नैथानी (23) मूल निवासी नैथान, कीर्तिनगर जिला टिहरी, हाल निवासी जलवायु टॉवर के पास झाझरा को गिरफ्तार किया गया।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बूथवार बने रणनीति

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए वोटर जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर जोर दिया है। बुधवार को सचिवालय में नोडल अधिकारियों के साथ निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा में डॉ पुरुषोत्तम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई समय–सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी की जाएं। सिक्योरिटी मैनेजमेंट प्लान और आयोग के मानकों के अनुरूप स्टेट डिप्लॉयमेंट प्लान बना लिया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि कार्मिक पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ पुरुषोत्तम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी विजिल जैसी अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। लोगों तक इसकी जानकारी अधिकाधिक पहुंचाई जाए। वोट प्रतिशत को बढ़ाने के लिए बूथ वार रणनीति बनाई जाये। बूथ स्तरीय जागरूकता समूहों को सक्रिय किया जाए। बैठक में संयुक्त निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल, प्रताप शाह, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी नीलेश आनंद भरणे के साथ ही पी रेणुका देवी, डॉ. ललित नारायण मिश्रा, तीरथ पाल, डॉ. सुनिता टम्टा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित हुए।

## नवोदय विद्यालयों के भवन का निर्माण 18 माह में करें: मुख्य सचिव



देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कार्यदायी संस्था को उत्तरकाशी के दिवारीखोल और रुद्रप्रयाग के तिलवाड़ा में प्रस्तावित राजीव गांधी नवोदय आवासीय विद्यालयों के निर्माण 18 माह के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए नाबार्ड से मंजूरी लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू करने को कहा। मुख्य सचिव रतूड़ी ने बुधवार को विधानसभा भवन में दोनों प्रस्तावित राजीव गांधी नवोदय आवासीय विद्यालय की ईएफसी (व्यय वित्त समिति) की बैठक की। उन्होंने इन विद्यालयों के भवनों के निर्माण के साथ–साथ ही इनमें विभिन्न स्टाफ की भर्तियों के अनुमोदन, फर्नीचर आदि की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं। कहा कि कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग और ब्रिडकुल इन विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोलर पैनल एवं सोलर लाइट व उरेडा की सहायता से वाटर हीटर भी लगाएं। मुख्य सचिव कहा कि इन विद्यालयों में छात्राओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। विशेषकर निर्माण के दौरान इलेक्ट्रिकल विंग का सर्टिफिकेशन लिया जाए। इसके साथ ही पुख्ता वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम बनाने, किचन गार्डन और कम्पोस्टिंग की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। इसके साथ ही सीएस ने इन विद्यालयों में छात्र–छात्राओं की सुविधा तथा ऑनलाइन शिक्षा के लिए बेहतरीन वाईफाई सुविधा,अभिभावकों के लिए अतिथि कक्षों की व्यवस्था के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर सचिव रंजना राजगुरू, विजय कुमार जोगदंडे के साथ ही कार्यदायी संस्था सिंचाई व ब्रिडकुल के अफसर मौजूद रहे।

# आधुनिक बस अड्डे के नाम पर खुदे गड्ढे के समक्ष पहुंचा उक्रांद, दिया धरना



मोटर नगर में धरना देते उक्रांद कार्यकर्ता व पदाधिकारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : आधुनिक बस अड्डे के नाम पर मोटर नगर में खुदे गड्ढे के समक्ष पहुंचे उत्तराखंड क्रांति दल ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि दशकों से आधुनिक बस अड्डे के नाम पर केवल एक गड्ढा ही नजर आ रहा है। यदि जल्द निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ाया गया तो उक्रांद आंदोलन को मजबूर होगा।

बुधवार को उक्रांद कार्यकर्ता व पदाधिकारी मोटर नगर में एकत्रित हुए। पार्टी नेता डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से मोटर नगर का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है, लाखों रुपया इस अधूरे निर्माण में बर्बाद हो चुका है। 10 वर्षों से भाजपा और कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्रियों और शहरी विकास मंत्रियों ने मोटर नगर निर्माण के लिए कोई कदम आगे नहीं बढ़ाया और न ही नगर निगम बोर्ड के अधिकारियों ने इसकी सुध ली। उन्होंने कहा कि सच्चाई यही है कि भाजपा और कांग्रेस के पास विकास का कोई संकल्प नहीं है, इसलिए वे महानगर के कार्यों से भी मुंह मोड़ रहे हैं। मौके पर उन्होंने आगामी चुनाव में उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। धरना प्रदर्शन करने वालों में जगदीपक सिंह रावत, गोविंद डंडरियाल, मुजीब नैथानी, प्रवेश चंद्र नवानी, अनुसूया प्रसाद सेमवाल, प्रवेंद्र रावत, पुष्कर सिंह रावत, प्रवेश नवानी, पुष्कर रावत, सत्य प्रकाश भारद्वाज, राजेंद्र प्रसाद पंत, सर्वेंद्र काला, भारत मोहन काला, सत्यपाल सिंह नेगी और प्रकाश बमराड़ा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# क्विज प्रतियोगिता में राइंका जयदेवपुर रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत गणित व विज्ञान विषय की क्विज प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कालेज जयदेवपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने गणित व विज्ञान विषय के कई माडल भी प्रस्तुत किए।

ब्लाक संसाधन केंद्र सुखरो में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने गणित की सक्रियाओं को आसान बनाने, पर्यावरण, पदार्थों की अवस्थाएं, वैक्यूम क्लीनर, विद्युत परिपथ सहित अन्य विषयों के आकर्षक माडल प्रस्तुत किए।

माडल प्रदर्शनी में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बालिका की छात्रा दिपिका ने प्रथम, राजकीय उच्च प्रथमिक विद्यालय जयगांव के छात्र मयंक ने द्वितीय व राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पदमपुर के छात्र अभिषेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, क्विज प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कालेज जयदेवपुर सिगड्डी के विद्यार्थी ज्योति, कृष्ण व निकता ने प्रथम, राजकीय बालिका उच्चतर प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर की छात्रा सुहाना, अकांक्षा, आलिया ने द्वितीय एवं राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय की छात्रा पूजा, अंशिका, कृष्णा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खंड शिक्षा अधिकारी अयाजुद्दीन ने विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बीआरसी प्रभारी समंवयक उमा बुड़ाकोटी, देवेंद्र प्रसाद, चंद्रमोहन सिंह नेगी, जयकृत सिंह नेगी, जागृति कुकरेती, जगदंबा रावत, उमेश कुमार, निधि रावत, जयंती खर्कवाल, वेदप्रकाश खर्कवाल, जितेंद्र कुमार, अनिल कोटनाला आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने चंद्रमोहन सिंह नेगी को किया याद



स्व. चंद्रमोहन सिंह नेगी को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने पूर्व काबीना मंत्री स्व.चंद्रमोहन सिंह नेगी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि समाज के बेहतर विकास के लिए दिए गए नेगी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यमकेश्वर ब्लाक के कांडी गांव निवासी स्व. चंद्रमोहन सिंह नेगी की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके पैतृक गांव पहुंच उनके स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि यमकेश्वर विकास खंड के कांडी गांव में जन्मे स्व. चंद्रमोहन सिंह नेगी ने उत्तराखंड में विकास कार्यों को कराने में उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने बड़े सार्वजनिक उपक्रमों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में पूर्व प्रमुख कृष्णा रावत, धीर सिंह नेगी, अनुज नेगी, सुरमान नेगी, विनोद कुमार, राजेंद्र सिंह और गोपाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# विद्यार्थी पूरी सतर्कता के साथ करें इंटरनेंट का उपयोग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज झंडीचौड़ में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को साइबर अपराध के साथ ही नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को इंटरनेट का उपयोग पूरी सतर्कता के साथ करने की सीख दी गई।

बुधवार को पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज झंडीचौड़ में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों, महिला सम्बन्धी अपराधों, मानव तस्करी, भिक्षावृत्ति व गुड-टच, बैड-टच के विषय में जानकारी देकर बचने के उपाय बताये गये। साथ ही सोशल मीडिया (फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर तथा व्हाट्सएप आदि) से सम्बन्धित अपराधों, साइबर अपराधों की जानकारी एवं साइबर हेल्पलाईन नंबर-1930, आपात सहायता नम्बर डायल-112, उत्तराखण्ड पुलिस एप के गौरा शक्ति मोड्यूल में सेल्फ रजिस्ट्रेशन करने के बारे में जानकारी दी गयी। राजकीय महाविद्यालय की संगीत विभागाध्यक्ष डा. चंद्रप्रभा ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डा. आकांक्षा, दीप्ति पाण्डे, विघा मेहता, प्रधानाचार्य बिजेंद्र सिह नेगी, महिला उपनिरीक्षक सुमन लता,अपर उपनिरीक्षक कृपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



विद्यार्थियों को जानकारी देते शिक्षक व अन्य

# गिरफ्तारी पर आक्रोश, कांग्रेसियों ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला



कोटद्वार में केंद्र सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेसी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : दिल्ली में अग्निवीर योजना का विरोध कर रहे युवाओं को हिरासत में लिए जाने का कांग्रेस ने विरोध किया है। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार का पुतला दहन करते हुए सरकार को युवा विरोधी बताया। कहा कि देश में अपने अधिकारों की आवाज उठाने वालों का सरकार शोषण कर रही है। बुधवार को कार्यकर्ता व पदधिकारियों ने झंडाचौक में प्रदर्शन करते हुए सरकार का पुतला दहन किया। वक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार द्वारा अग्निवीर योजना से देश के युवा बेरोजगारों के साथ अन्याय किया जा रहा है, जो देश हित में नहीं है। वहीं पूर्व में चयनित युवाओं को अभी तक भी ज्वाइनिंग नहीं मिल पाई है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश में भी युवा नौकरी के लिए इधर उधर धक्के खाने पर मजबूर हैं। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से जनता परेशान हो चुकी है और सत्ता परिवर्तन करने का मन बना चुकी है। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन करने वालों में महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय मित्तल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय रावत, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष धीरेंद्र बिष्ट, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बृजपाल सिंह नेगी, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सुदर्शन रावत और सेवादल अध्यक्ष महावीर सिंह रावत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग मरम्मत को दिखाई गंभीरता

जयन्त प्रतिनिधि |कोटद्वार : लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग मरम्मत को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने गंभीरता दिखाना शुरु कर दिया है। विस अध्यक्ष ने प्रमुख वन संरक्षक को जल्द मार्ग के मरम्मत के आदेश दिए। कहा कि जनता के हितों को देखते हुए इस ओर गंभीरता से प्रयास किए जाने चाहिए |देहरादून में विधानसभा अध्यक्ष ने वन संरक्षक अनूप मलिक व मुख्य वन जीव संरक्षक समीर सिन्हा से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग गढ़वाल व कुमाऊं को जोड़ने वाला मार्ग है। क्षेत्रीय जनता पिछले कई दशकों से लगातार मार्ग मरम्मत की मांग उठा रही है। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। बताया कि अब इसके मरम्मत को लेकर सरकार गंभीरता दिखा रही है। उन्होंने मार्ग को निर्माण को लेकर की जा रही कार्रवाई के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। कहा कि वर्तमान में मार्ग पर वाहन आवाजाही कर सकें इसके लिए मरम्मत कार्य पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

# बीडीसी बैठक में उठी मूलभूत समस्याएं ,द्वारीखाल में आयोजित की गई बीडीसी की बैठक



द्वारीखाल में आयोजित बीडीसी बैठक में भाग लेते अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : ब्लॉक द्वारीखाल की बीडीसी बैठक में मूलभूत समस्याएं छाई रही। ब्लॉक प्रमुख महेंद्र राणा ने अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के निराकरण के आदेश दिए।

बुधवार को बैठक में बाल विकास, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों की जानकारी अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को दी। युवा कल्याण की चर्चा के दौरान बताया गया कि सीएम स्वावलंबन योजना में 14,268 महिला और युवक मंगल दलों ने सामग्री खरीदी है। लोनिवि की चर्चा के दौरान ग्राम प्रधान डोबरी ने कटघर-ढासी में काम शुरू होने की शिकायत की। प्रधान दिखेत ने कहा कि देवीखेत-चैलूसैण सड़क का नाला बंद होने से सारा पानी गांव में घुस रहा है। प्रधान कलोडी ने स्कबर खोलने की मांग रखी। वहीं, ग्राम प्रधान घण्डालू ने क्यार गांव की खराब रोड की शिकायत की। इसके साथ ही, पुल्यासू रोड के बारे में भी सदस्यों ने जानकारी मांगी। कनिष्ठ उपप्रमुख रविंद्र रावत द्वारा भैरवगढी पम्पिंग योजना के अर्न्तगत चैलूसैण में पानी की सप्लाई ठीक न होने के बारे में शिकायत की गयी। प्रधान सिमल्या लंगूर श्याम सिह नेगी द्वारा क्षेत्र में पटवारी की नियुक्ति की मांग की गयी। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन योजनाओं का प्रचार-प्रसार न होने के कारण आम जन मानस इसका लाभ नहीं ले पा रहें है, जिससे सरकारी योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पातीं है। सभी अधिकारी अपने विभागों से सम्बन्धित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम सभा बैठक में ग्रामीण को दें। जिससे वे सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कुलभूषण, ज्येष्ठ उपप्रमुख नीलम नैथानी, उपजिलाधिकारी लैंसडौन शालिनी मौर्य, उद्यान विशेषज्ञ प्रभाकर सिह, सहा.अभि. यूपीसीएल रवि अरोडा, शिक्षा विभाग से डा. सुरेन्द्र नेगी, खाद्य पूर्ति से पूर्ति निरीक्षक भूपेंद्र बिष्ट, एवं अभिशेख कण्डवाल, जल संस्थान से देवकीनंद जोशी, जल निगम से बालम सिह नेगी, बाल विकास से प्रीति अरोडा, क्षेत्र पंचायत सदस्य मस्तान सिह, जितेन्द्र सिह, विक्रम बिष्ट, ममता रावत, सुनीता विष्ट, प्रधान ग्राम पंचायत अर्जुन सिह नेगी, स्यालना से संजीता देवी, रिंगवाडगॉव से मुन्नी देवी, उषा देवी, लंगूरी कमलेश्वरी देवी, भलगॉव द्वारी सतीशचन्द, भलगॉव डा. प्रभाकर डोबरियाल, दिखेत कैलाश बिष्ट, तिमली से प्रवीन कुमार, मलेथा से रविंद्र कुमार, दशमरी से सुजाता देवी, पाली से शोभा नैथानी आदि मौजूद रहे।

# छात्र संघ पदाधिकारियों ने की तालाबंदी, दी अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के पौड़ी परिसर में छात्रसंघ पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगों के हल की मांग को लेकर मुख्य गेट पर तालेबंदी कर विरोध जताया। इस दौरान आक्रोशित पदाधिकारियों ने कहा कि 10 फरवरी तक समस्याओं का हल नहीं होने पर अनिश्चिकालीन धरने की चेतावनी दी है।

बुधवार को पौड़ी परिसर के मुख्य गेट पर तालेबंदी करते हुए छात्रसंघ अध्यक्ष ऋत्विक असवाल ने कहा कि परिसर को जाने वाली सड़क पिछले लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ी है, जिससे छात्र-छात्राओं को आवाजाही करने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए बस व एबुलेंस की मांग पिछले लंबे समय से की जा रही है, लेकिन परिसर समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी कोई हल नहीं निकाला जा रहा है। उन्होंने जल्द ही पूरे परिसर में सुधारीकरण का काम करने के साथ ही विभिन्न समस्याओं को जल्द हल करने की मांग उठाई है। इस मौके पर सचिव ऋतिक रावत, कोषाध्यक्ष लविश नेगी, उपाध्यक्ष रोहित कुमार, छात्रा प्रतिनिधि खुशी, विनय कुकशाल, ऋषभ बलूनी आदि शामिल रहे।

## गुलदार के आतंक से निजात दिलाने को समग्र नीति बनाई जाए

श्रीनगर गढ़वाल : आइसा छात्र संगठन ने जनपद पौड़ी के अंतर्गत विकासखंड खिर्सू क्षेत्र के विभिन्न गांव सहित श्रीनगर में गुलदार के आतंक को देखते हुए समग्र नीति बनाई जाने की मांग की है। इस संदर्भ में आइसा ने उपजिलाधिकारी नुपूर वर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन में गढ़वाल विवि के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष और आइसा छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अंकित उछोली, पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष रॉबिन असवाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं, राज्य में पिछले कुछ वर्षों में जंगली जानवरों के हमले लगातार बढ़े हैं और इन हमलों में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। हाल ही में गढ़वाल मंडल के जनपद पौड़ी गढ़वाल के खिर्सू और श्रीनगर क्षेत्र में दो मासूम बच्चों को बाघ ने अपना निवाला बनाया, यही स्थिति कुमाऊं मंडल के जनपद नैनीताल के रामनगर क्षेत्र की भी है।

कहा कि कि राज्य में वन मंत्रालय और इसके अधीन वन विभाग लगातार हो रही इन घटनाओं पर पूर्ण रूप से मूकदर्शक की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने राज्य में इन घटनाओं को रोकने के संबंधित समग्र नीति बनाई जाने के साथ ही राज्य के वन मंत्रालय के मंत्री पर इन घटनाओं पर आवश्यक जिम्मेदारी न निभाने व निरंतर लापरवाही के चलते उन्हें वन मंत्रालय की जिम्मेदारी से तत्काल प्रभाव से हटाया जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में आइसा नगर अध्यक्ष समरवीर रावत, सचिव प्रियंका खत्री, आशुतोष नेगी सहित आदि शामिल थे। (एजेंसी)

# क्वीज में तन्मय रहा पहले स्थान पर

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत बुधवार को पौड़ी बीआरसी में ब्लॉक स्तरीय क्वीज और विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में नगर क्षेत्र ने पहले स्थान पर रहा, जबकि क्विज में यूपीएस घुड़दौड़ी के तन्मय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

क्वीज में 32 स्कूलों के 79 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें यूपीएस घुड़दौड़ी के तन्मय ने पहला, जीआईसी पैडुल की प्राची ने दूसरा और इसी स्कूल की टीना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 9 से 12 वर्ग में जीआईसी कंडारा के सारांश ने पहला, जीजीआईसी पौड़ी की श्रीयांशी ने दूसरा, हाईस्कूल ल्वाली की आंचल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 6 से 8 वी तक विज्ञान प्रदर्शनी में 14 स्कूलों के 28 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

विज्ञान प्रदर्शनी में नगर क्षेत्र ने पहला, बनगांव ने दूसरा और यूपीएस घोड़ीखाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बीआरसी समन्वयक नवीन डोभाल की देखरेख में हुई प्रतियोगिता में अजय बिष्ट, डा. अशोक, सुनील ुिर्, स्वदेश नेगी, सुबोध कुकरेती, जयदीप रावत, कामनी नेगी, कमल उप्रेती, महेंद्र रैथाण ने निर्णायक की भूमिका निभाई। विजेता स्कूलों और प्रतिभागियों को आशुतोष खंडूरी द्वारा पुरस्कार वितरित किए।

## भाजपा लोकसभा चुनाव में पांच लाख वोट से जीत दर्ज करेगी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष सुषमा रावत ने कहा कि वर्ष 2019 में पार्टी ने गढ़वाल सीट पर तीन लाख के अंतर से जीत दर्ज की थी। लोकसभा चुनाव 2024 में पांच लाख के बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा और निकाय चुनाव में जीत के लिए जुटने का आह्वान किया। बुधवार को पुराने जिला पंचायत सभागार पौड़ी में आयोजित भाजपा अनुमोर्चा की बैठक का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा सुषमा रावत ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव, घर-घर जाकर लाभार्थियों को प्रोत्साहित करना है। अनुमोर्चा जिलाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद टम्टा ने बताया कि अनुमोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ता को अनुमति लेकर छात्रावासों में युवाओं से भेंटवार्ता करनी हैं।

## ईडी ने की पूर्व मंत्री के घरों पर छापेमारी

श्रीनगर गढ़वाल : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को श्रीनगर पहुंचकर कांग्रेस नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के घर पर छापेमारी की। श्रीनगर स्थित श्रीकोट घर व गहड़ गांव में ईडी की छापेमारी पर श्रीनगर में हड़कंप मच गया। श्रीनगर में ईडी टीम ने सुबह 7 बजे से छापेमारी की कार्यवाही शुरू की। करीब 22 से 23 लोगों की टीम द्वारा कांग्रेस नेता के श्रीकोट स्थित उनके घर व उनके पैतृक गांव गहड़ में छापेमारी की गई। पूर्व मंत्री के घरों पर ईडी की छापेमारी से श्रीनगर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। (एजेंसी)

## दीपा बनी अध्यक्ष

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल दुग्ध उत्पाद सहकारी संघ लि. श्रीनगर के प्रबंध कमेटी का चुनाव निर्वाचन अधिकारी दुग्ध संघ श्रीनगर व उपजिलाधिकारी श्रीनगर नुपूर वर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर एकमात्र उम्मीदवार के नामांकन मिलने पर दीपा देवी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। जबकि सुमति देवी, मीनाक्षी देवी, पवित्रा देवी, शारदा देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी, उर्मिला देवी, मंजू देवी को सदस्य निर्वाचित किया गया। (एजेंसी)

## पछुवादून के 87 छात्रों का राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति के लिए चयन

विकासनगर। राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति–2023 में पछुवादून के कालसी ब्लॉक के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में विकासखंड कालसी से सबसे अधिक 32, विकास नगर से 12, चकराता से 22 तथा सहसपुर से 21 छात्र–छात्राओं का चयन हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी कालसी भुवनेश्वर प्रसाद ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय विकासखंड के समस्त शिक्षकों को दिया। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति में चयनित विद्यार्थियों को 12000 रुपए वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस छात्रवृत्ति परीक्षा में दो प्रश्न पत्र होते हैं। एक प्रश्न पत्र मानसिक योग्यता एवं दूसरा विषय आधारित विज्ञान, सामाजिक विज्ञान होता है।

## विद्यालय को दिया फर्नीचर

देहरादून। फिनोलेक्स केबिल लिमिटेड और रोटरी क्लब ने राजकीय इंटर कॉलेज नथुवावाला के छात्र–छात्राओं के लिए फर्नीचर प्रदान किया। विद्यालय परिवार और एसएमसी ने दोनों संस्थाओं का आभार जताया। प्रधानाचार्य चन्द्र प्रकाश सेमवाल, एसएमसी अध्यक्ष शांति देवी, अल्का राणा, पीटीए प्रभारी सेवक सिंह भंडारी, पीटीए प्रभारी, सुनीता बिजल्वाण ने भी आभार जताया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने न्यूनतम मानदेय 18 हजार करने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : आंगनबाडी कार्यकत्री, सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला सशक्तिकरण बाल विकास विभाग को ज्ञापन देकर न्यूनतम मानदेय 18 हजार रुपए किए जाने सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन काफी समय से विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग कर रहा है, लेकिन इनकी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिस कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों में आक्रोश व्याप्त है। संगठन की जिलाध्यक्ष पूनम कैंत्यूरा ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों के मानदेय को लेकर बार-बार सरकार से मांग करती हैं, लेकिन संगठन को सरकार से मिलने का मौका नहीं दिया जाता है। जिस कारण संगठन को रैली के माध्यम से अपनी बात रखने का निर्णय लिया है। कहा कि न्यूनतम मानदेय 18 हजार रुपए किए जाने, सेवानिवृत्ति पर दो लाख रुपए देने, गोल्डन कार्ड जारी किए जाने सहित विभिन्न मांगों का जल्द ही निराकरण न किया गया तो सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने केंद्र में रहेंगी, लेकिन पोषण ट्रैक्टर पर उपस्थिति न देकर बीएलओ का कार्य बंद कर देंगी।

## मृतक के परिजन को सरकारी नौकरी देने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : खिर्सू के ग्वाड़ और श्रीनगर के ग्लास हाउस में गुलदार की दहशत बरकरार है। यहां लोग गुलदार के डर में साए में जीने को मजबूर हैं। बुधवार को कांग्रेसियों ने ग्वाड़ गांव जाकर मृतक बच्चे के परिजनों को सांत्वना देते हुए सरकार से मृतक बच्चे के पिता को सरकारी नौकरी देने की मांग उठाई। बुधवार को ग्वाड़ पहुंचे कांग्रेसियों ने बीते दिनों गुलदार के हमले में मारे गए मृतक अंकित के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना व्यक्त की।

## छात्रा ने उत्तीर्ण की यूसेट परीक्षा, प्रोफेसरों ने जताई खुशी

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवंती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग की शोध छात्रा लूसी कुमारी के उत्तराखंड राज्य पात्रता परीक्षा (यूसेट) उत्तीर्ण करने पर विभाग के सदस्यों ने खुशी जताई है। छात्रा लूसी कुमारी की सफलता पर समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर किरन डंगवाल ने कहा कि विभाग के लिए बड़े हर्ष का विषय है। छात्रा ने यूसेट से पूर्व नेट जेआरएफ व गेट जैसी परीक्षाएं उत्तीर्ण की हैं। छात्रा की सफलता पर प्रोफेसर जेपी भट्ट, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. उमा बहुगुणा, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. नितिन बिष्ट, डॉ. हनुमंत वागमारे, डॉ. ऋतु मिश्रा, डॉ. नरेंद्र चौहान, सतीश गुसाई, परमेन्द्र व विभाग के सभी शोध छात्रों अंकित उछोली, राजेन्द्र बिष्ट, अतुल सती, रुकसार परवीन, विपिन कुमार, सृष्टि, सौरभ ने खुशी जताई है। (एजेंसी)


## यूसीसी को विधान सभा में पेश करने का तरीका अलोकतांत्रिकः कांग्रेस

विकासनगर। विधान सभा में समान नागरिक संहिता बिल (यूसीसी) को पेश करने के तरीके को कांग्रेस ने लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ करार दिया।

बुधवार को ऐतिहासिक तिलक भवन में मीडिया से रूबरू होते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बिल पेश करने से पहले सभी पक्षकारों और हितधारकों से विचार किया जाना चाहिए था।

अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य एवं पीसीसी सदस्य संजय जैन ने कहा कि उत्तराखंड विधानसभा में पेश किए गए यूनिफॉर्म सिविल कोड में अनेक विसंगतियां है। जिस तरीके से यह बिल विधानसभा में पेश किया गया, वह लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है।

# श्रीनगर और खिर्सू के गांवों में गुलदार की दहशत



श्रीनगर गढ़वाल : खिर्सू ब्लॉक क्षेत्र के गांवों और श्रीनगर में गुलदार की चहलकदमी लगातार बनी हुई है। गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम लगातार रेस्क्यू में जुटी हुई है। इस दौरान वन विभाग की गश्त टीम द्वारा लोगों को गुलदार से एहतियात और सुरक्षा बरतने के बारे में जानकारी दी जा रही है।

बीते मंगलवार को मंडोली, कोठगी, श्रीनगर सहित आसपास के क्षेत्र में गुलदार की चहलकदमी दिखाई दी। नगर निगम श्रीनगर क्षेत्रांतर्गत कंसमर्दनी मंदिर के पास रात्रि लगभग साढ़े दस बजे के करीब तीन गुलदार एक साथ दिखाई देने की सूचना मिली। जबकि अलकनंदा विहार कालोनी में गुलदार देखे जाने की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर लोगों को एहतियात बरतने के साथ ही सुरक्षा सम्बंधित जानकारी दी। खिर्सू के कोठगी में वन विभाग की टीम ने स्वयं ही गुलदार होने की पुष्टि की है। वहीं फरासू गांव के निवासी एवं भाजायुमो के मंडल अध्यक्ष पंकज रावत ने बताया कि फरासू में चार गुलदार एक साथ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बीते तीन दिनों से गुलदार की धमक से खिर्सू क्षेत्र के तमाम गांव प्रभावित हैं। जबकि पिछले दो दिनों में गुलदार ने दो मासूम बच्चों को अपना निवाला बनाया है। (एजेंसी)

# बर्फबारी से चकराता के तीन ग्रामीण मार्ग बंद

विकासनगर। बीते दिनों हुई बर्फबारी से स्थानीय ग्रामीणों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। बुधवार को लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाले तीन मार्ग बंद होने से ग्रामीण घर से बाहर नहीं निकल पाए। ग्रामीणों की नगदी फसलें भी मंडी तक नहीं पहुंचीं। भारी बर्फबारी के चलते लोखंडी–लोहारी मोटर मार्ग अवरुद्ध हो गया। इस मार्ग से करीब दस गांव जुड़े हुए हैं। आवागमन के लिए ग्रामीणों अन्य कोई साधन नहीं है। स्थानी बाशिंदे राजमोहन सिंह चौहान, गजेंद्र पंवार, सूपाराम जिनाटा ने बताया कि दो दिन से मार्ग बंद होने के कारण घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। नगदी फसलें घर में ही पड़ी हुई हैं। सैंज–कुनैनत मोटर मार्ग भी दो जगहों पर बंद है। जबकि लेवरा मोटर मार्ग पर पूरी तरह से यातायात ठप है।



दोनों मार्गों से जुड़े ग्रामीण दर्शन सिंह रावत, महेंद्र नेगी, सचिन जोशी ने बताया कि सर्दियों में बर्फबारी से हर साल मार्ग बंद हो जाते हैं, बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग की ओर से बर्फबारी से पहले मार्ग पर स्नो कटर की व्यवस्था नहीं की गई है, जिसका खामियाजा स्थानीय ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। उधर लोनिवि चकराता के सहायक अभियंता आदित्य ठाकुर ने बताया कि सभी बंद मार्गों को खोलने के लिए जेसीबी भेज दी गई है। जल्द ही सभी मार्गों पर यातायात बहाल कर दिया जाएगा।

## 51 कुंडीय हवन के लिए भूमि पूजन किया

विकासनगर। गायत्री महायज्ञ एवं पवन प्रज्ञा पुराण कथा के लिए बुधवार को भूमि पूजन किया गया। कथा स्थल पर 51 कुण्डीय हवन किया जाएगा। गायत्री परिवार से शिवाकांत त्रिपाठी द्वारा विधि विधान पूर्वक हवन यज्ञ के साथ भूमि पूजन किया गया। पंडाल में लगभग हजारों लोगों की बैठने की व्यवस्था की गई है। गुरुवार को कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ किया जाएगा। गायत्री परिवार प्रबंधक राधा कृष्ण सेमवाल ने बताया कि इस अनुष्ठान में हजारों श्रद्धालुओं की आने की संभावना है। इस दौरान हर्षवर्धन, सचिन चौधरी, दिनेश, विनोद कश्यप, धीरज चौधरी, सीएस जोशी, खुशबू, मधु सेमवाल, पार्वती पुंडीर, सुरेश डंगवाल आदि मौजूद रहे।

# निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तेजी से पूरा करें



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को ग्रामीण निर्माण विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो कार्य पूर्ण हो चुके है उनको संबंधित विभागों को हस्तांतरित किया जाए। जिन कार्यों में टेंडर कर लिए गए है, उनमें शीघ्र कार्य प्रारंभ करें। विभागीय अधिकारी संचालित निर्माण कार्यों की स्वयं मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें। निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाए। ताकि आम जनता को योजनाओं का लाभ मिल सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के निर्माण हेतु जहां भूमि उपलब्ध नहीं है वहां जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से सहयोग लेकर भूमि चिन्हित की जाए। आपदा मद में धनराशि उपलब्ध हो चुकी है।

आपदा मद से जो भी कार्य प्रस्तावित है उनके लिए भी शीघ्र टेंडर करते हुए कार्य शुरू किया जाए। ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अला दिया ने बताया कि जिला योजना, राज्य सेक्टर तथा केन्द्र पोषित योजनाओं के अन्तर्गत पर्यटन विभाग के 02, शिक्षा विभाग के 94, स्वास्थ्य विभाग के 46, राजस्व के 11, बाल विकास के 25, समाज कल्याण के 04 सहित कुल 199 कार्य थे। जिनमें से 57 कार्य पूर्ण और अवशेष योजनाओं में 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, अधिशासी अभियंता अला दिया, सहायक अभियंता एलपी भट्ट, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, एसीएमओ डॉ. वीपी सिंह सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# केदारनाथ यात्रा में पांच हजार घोड़े-खच्चर होंगे संचालित

रुद्रप्रयाग : प्रशासन ने केदारनाथ धाम की यात्रा तैयारी शुरू कर दी है। जिसके लिए यात्रा से जुड़े विभागों को अभी से सभी बुनियादी सुविधाएं जुटाने के निर्देश दे दिए गए हैं। यात्रा में घोड़े-खच्चरों का सुव्यस्थित ढंग से संचालन हो इसके लिए पूरा प्लान तैयार करने को कहा गया है। यात्रा में कुल 5 हजार घोड़े-खच्चरों का ही संचालन किया जाएगा। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक में कहा कि केदारनाथ यात्रा में संचालित घोड़े-खच्चरों के साथ किसी तरह से कोई पशु क्रूरता न हो इसका पूरा ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शासन द्वारा 1 मई 2023 को जारी आदेशों के अनुसार केदारनाथ यात्रा मार्ग में कुल 5 हजार घोड़े-खच्चरों का ही संचालन किया जाएगा। जिसमें 4 हजार यात्रा एवं 1 हजार माल ढुलान के लिए निर्धारित किए गए हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शासन द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के साथ किसी तरह से कोई पशु क्रूरता न हो इसके लिए हर माह स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र निर्गत किया जाए। एक माह के बाद यदि स्वास्थ्य परीक्षण में घोड़े-खच्चर स्वस्थ पाए जाते हैं, तभी उन्हें दोबारा स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र निर्गत किया जाए। जिलाधिकारी ने यात्रा को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों पर इंटरनल मॉनीटरिंग टैग (चिप) लगाने के निर्देश दिए। ताकि घोड़े-खच्चर स्वामी व संचालक का पूर्ण विवरण, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र की वैद्यता आदि के संबंध में पूरी जानकारी मिल सके। टैग के माध्यम से ही घोड़े-खच्चर संचालन के लिए, रोस्टर की जानकारी स्वामी व संचालक को उपलब्ध हो सकेगी। (एजेंसी)

## किसानों को दी जैविक खेती की जानकारी

नई टिहरी : कृषि विभाग घनसाली की ओर से आरगढ़ के सुनारगांव में कृषि विकास गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें कास्तकारों को जैविक खेती और सरकार की ओर से कृषि के विकास के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। विभाग के ब्लॉक प्रभारी बालेश्वर प्रसाद ने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न कृषि यंत्रों पर 80 फीसदी सब्सिडी दी जा रही है।

# छात्रों ने सीखें आपदा प्रबंधन के गुर

रुद्रप्रयाग : जिला आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा राइंका नागजगई में दो दिवसीय दिया जा रहा आपदा राहत बचाव प्रशिक्षण का समापन हो गया है। जिसमें छात्रों को खोज-बचाव में प्रयोग होने वाले उपकरणों की प्रयोगात्मक एवं प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में 55 छात्रों ने प्रतिभाग किया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों में आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से आपदा राहत बचाव एवं खोज का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखण्ड अगस्त्यमुनि के राइका नागजगई में दो दिवसीय आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। आपदा प्रबंधन विभाग की मास्टर ट्रेनर सीमा परमार ने त्वरित खोज एवं बचाव, प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया। कहा कि यदि भविष्य में घटित आपदा के दौरान क्या-क्या करना चाहिए, इसकी तमाम जानकारियां छात्रों को दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदा की जानकारियां दी गई। आपदा से पूर्व एवं उसके बाद के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही खोज-बचाव में प्रयोग होने वाले उपकरणों की प्रयोगात्मक जानकारी, आपातकालीन स्ट्रेचर बनाना, प्राथमिक उपचार की जानकारी के साथ जनपद आपातकालीन परिचालन केंद्र के नम्बर की जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण में विद्यालय के 55 छात्रों ने प्रशिक्षण प्रयोगात्मक रूप से सफलतापूर्वक सीखा।

# चार सूत्रीय मांगों के लेकर अनशन जारी

चमोली : गैरसैंण एवं थराली ब्लॉक की सीमा विनायक धार में चार सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व प्रधान कुंवर सिंह नेगी का आमरण अनशन बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। वहीं, लखण गांव के 45 वर्षीय चंद्रा दत्त जोशी ने भी कई ग्रामीणों की मौजूदगी में नारे बाजी के साथ आमरण अनशन प्रारंभ किया। ग्रामीण विनायकधार से कस्वीनगर (थराली) तक वन अधिनियम में रुकी पांच किमी मोटर मार्ग बनाने, माईथान चौखुटिया सड़क का डामरीकरण करने, पीएचसी माईथान में चिकित्सक तैनात करने और पत्थर कट्टा मोटर मार्ग को



बीएमबी मोटर मार्ग से मिलाने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। (एजेंसी)

# जिला योजना में आवंटित धनराशि को मार्च से पहले शत प्रतिशत व्यय करें : डीएम



चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना, राज्य सेक्टर, केन्द्र पोषित एवं बाह्य सहायतित योजनाओं में विभागों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने विकास योजनाओं को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करते हुए अवमुक्त धनराशि को शत प्रतिशत व्यय करने के निर्देश विभागों को दिए। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से संचालित निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समय से कार्य पूर्ण कराए जाए। जो योजनाएं पूर्ण हो गयी है, उनकी यूसी, एमबी तथा फोटो सहित पूरी रिपोर्ट उपलब्ध करें। जिला योजना में आवंटित धनराशि को प्रत्येक दशा में मार्च से पहले शत प्रतिशत व्यय करना सुनिश्चित करें। समाज कल्याण अधिकारी को लाभार्थियों के चयन हेतु शिविरों के माध्यम से योजना का प्रचार करने को कहा। राज्य सेक्टर, केन्द्र पोषित एवं बहाय सहायतित योजना की समीक्षा के दौरान वन, लोनिवि, लघु सिंचाई, समाज कल्याण विभाग को अवशेष कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बीस सूत्री कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग को टीकाकरण और पीएमजीएसवाई को सड़क निर्माण में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने विनय जोशी ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में जिला योजना के अंतर्गत अवमुक्त धनराशि 6875.34 लाख के सापेक्ष विभागों द्वारा 85.26 प्रतिशत धनराशि व्यय कर ली गई है। राज्य सेक्टर में 22284.61 लाख के सापेक्ष 74.39 प्रतिशत, केन्द्र पोषित में 30245.23 लाख के सापेक्ष 96.12 प्रतिशत और बाह्य सहायतित योजना में 227.24 लाख के सापेक्ष 72.45 प्रतिशत धनराशि विभागों द्वारा व्यय की गई है। बीस सूत्री कार्यक्रम के तहत संचालित 31 कार्यों में से 25 में लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। जबकि अन्य कार्य प्रगति पर है। बैठक में डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, डीएसटीओ विनय जोशी, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, एसीएमओ डॉ. वीपी सिंह, कोषाधिकारी पंकज श्रीवास्तव सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। (एजेंसी)


## कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक :- 4675/कर अनु0/भव0ना0/2023-24 दिनांक:- 07.02.2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्य को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है) | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 236/232 सिद्धबली मार्ग वार्ड नं0 11 | श्री रघुवीर शरण अग्रवाल पुत्र स्व0 श्री शादीलाल अग्रवाल | श्रीमती सुमन अग्रवाल पत्नी श्री आशुतोष अग्रवाल | दाननामा रजिस्ट्री, एवं शपथ पत्र |

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार



## उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉर्पोरेट आईडेन्टिटी संख्या : U40109UP2001SGC025867/2368
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

### निविदा सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आवश्यक, जी.एस.टी., ई.पी.एफ. व ई.एस.आई. में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हों) दिनांक 24.02.2024 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 23.02.2024 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक / डाकघर की एफडीआर / सीडीआर / राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 31/ 2023-24 | ₹250/- | वि.वि. उपखण्ड द्वितीय, कोटद्वार के अन्तर्गत [illegible] योजना में विद्युतीकरण हेतु लाइन निर्माण कार्य। | 8000.00 |

पत्रांक: 269/वि0वि0ख0/टी-6 दिनांक: 07.02.2024 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या–0135–2760911 पर दें।)

## सम्पादकीय

# यूसीसी में उत्तराखंड सिरमौर

समान नागरिक संहिता कानून को लेकर उत्तराखंड ने एक मिसाल पेश करते हुए देश का ऐसा पहला राज्य बनने का गौरव प्राप्त किया है जहां इसे कानूनी रूप दिया गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र में किए गए वादे के अनुरूप मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने विधानसभा में यूसीसी बिल पास करते हुए खुद को अग्रिम श्रेणी में खड़ा कर लिया है। उत्तराखंड विधानसभा में विधेयक पास होने के बाद अब अन्य सभी विधिक प्रक्रिया और औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी जिसके बाद उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। विधेयक में जिन बातों का समावेश किया गया है उसमे प्रदेश में रहने वाले सभी धर्म–समुदायों के नागरिकों के लिए विवाह, संपत्ति, गुजारा भत्ता और विरासत के लिए एक समान कानून का प्रावधान है। हालांकि, अनुसूचित जनजातियों को इस विधेयक की परिधि से बाहर रखा गया है। यूसीसी विधेयक में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों को संरक्षित करते हुए बाल विवाह, बहु विवाह, हलाला, इद्दत जैसी सामाजिक कुप्रथाओं पर रोक लगाने का प्रावधान है। विवाह का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है और ऐसा नहीं करने पर सरकारी सुविधाओं से वंचित करने का प्रावधान है। पति–पत्नी के जीवित रहते दूसरे विवाह को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है जबकि सभी धर्मों में विवाह की न्यूनतम उम्र लड़कों के लिए 21 वर्ष और लड़कियों के लिए 18 वर्ष निर्धारित की गयी है। वैवाहिक दंपत्ति में यदि कोई एक व्यक्ति बिना दूसरे व्यक्ति की सहमति के अपना धर्म परिवर्तन करता है तो दूसरे व्यक्ति को उस व्यक्ति से तलाक लेने व गुजारा भत्ता लेने का पूरा अधिकार होगा। पति–पत्नी के तलाक या घरेलू झगड़े के समय पांच वर्ष तक के बच्चे की अभिरक्षा उसकी माता के पास ही रहेगी। सभी धर्मों में पति–पत्नी को तलाक लेने का समान अधिकार होगा। बेटा और बेटी को संपत्ति में समान अधिकार होगा। संपत्ति में अधिकार के लिए वैवाहिक और लिव–इन से पैदा बच्चों में भेदभाव को समाप्त करते हुए हर बच्चे को 'वैध' बच्चा माना जाएगा। लिव–इन का पंजीकरण भी अनिवार्य होगा। हालांकि विधायक में सम्मिलित की गई बातों को लेकर विरोधाभास भी देखने को मिला है, लेकिन अब यहां सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह इस कानून को लेकर सभी वर्गों में एक सर्वसम्मत सामंजस्य भी स्थापित करें। विधेयक में जनसंख्या नियंत्रण के महत्वपूर्ण मुद्दे को शामिल नहीं किया गया है जो यह स्पष्ट करता है कि सरकार विधेयक को लेकर विवाद से बचना चाहती है। बरहाल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विधेयक को लेकर एक मिसाल बनाने में कामयाब रहे हैं। अब देखना सिर्फ यह है कि आने वाले दिनों में क्या विधेयक की सभी बातों पर कानूनी रूप से अमल किया जाएगा या नहीं? खासतौर से मुस्लिम वर्ग विधेयक को लेकर संतुष्ट नहीं है और इस मामले में सुप्रीम कोर्ट तक जाने के लिए तैयार है।

# पाकिस्तान में खुल्लमखुल्ला

तमाम रुकावटों के बावजूद इमरान मतदाताओं में बेहद लोकप्रिय बने हुए हैं। यह बात कुछ चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षणों से भी जाहिर हुई है। जाहिर है, सैन्य नेतृत्व आशंकित है कि कहीं पीटीआई जीत गई, तो इमरान की सत्ता–वापसी हो सकती है।

पाकिस्तान में सेना ने पटकथा लिख दी है। बाकी सभी किरदार उसके मुताबिक अपना रोल अदा कर रहे हैं। इन किरदारों में न्यायपालिका भी है। पाकिस्तान के 77 साल के इतिहास में कभी–कभार ही अदालतें सेना की लिखी पटकथा से हटी हैं। 1970 के दशक में ऐसी ही एक पटकथा के तहत तब के देश के सबसे लोकप्रिय नेता जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी पर लटका दिया गया था। अब कुछ–कुछ वैसा ही आज के सबसे लोकप्रिय नेता इमरान खान के साथ दोहराया जा रहा है। ऐसी चर्चा है कि सेना ने इमरान खान को प्रधानमंत्री पद से हटाने के बाद विदेश चले जाने का विकल्प दिया था। लेकिन खान ने देश में रहते हुए संघर्ष करने का फैसला किया। तो इसकी कीमत उन्हें चुकानी पड़ रही है। दो दिन में दो मामलों में उन्हें लंबी कैद की सजा सुनाई गई है। बुधवार को इमरान और उनकी पत्नी बुशरा खान को तोशाखाना मामले में 14 साल जेल की सजा सुनाई गई। एक दिन पहले ही साइफर केस यानी कूटनीतिक संदेश को सार्वजनिक करने के इल्जाम में इमरान को 10 साल कैद की सजा सुनाई गई थी।

इस्लामाबाद की एक अदालत ने इमरान और बुशरा दोनों पर भारी जुर्माना भी लगाया गया है। साथ ही दोनों की किसी सार्वजनिक पद पर नियुक्ति पर 10 साल तक के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। असल मकसद यही है। इमरान खान और उनकी पार्टी पहले से कहते रहे हैं कि सैन्य नेतृत्व ने पूर्व प्रधानमंत्री की गिरफ्तारी की पृष्ठभूमि तैयार की, ताकि वे चुनाव ना लड़ सकें। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होने वाले हैं। इमरान खान के चुनाव लड़ने पर पहले ही प्रतिबंध लगाया चुका है। उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) से उसका चुनाव निशान (क्रिकेट का बैट) छीन लिया गया है। इसके बावजूद इमरान मतदाताओं के बीच बेहद लोकप्रिय बने हुए हैं। यह बात कुछ चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षणों से भी जाहिर हुई है। जाहिर है, सैन्य नेतृत्व आशंकित है कि कहीं तमाम रुकावटों के बावजूद पीटीआई जीत गई, तो इमरान की सत्ता–वापसी हो सकती है। इसलिए अब उन्हें कैद की सज़ाएं सुनाई जा रही हैं।

# दुश्मन को भी गले लगा लो

हरिशंकर व्यास

**भाजपा के नेता पानी पी–पीकर नीतीश को कोस रहे थे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कई बार बिहार जाकर ऐलान किया था कि नीतीश कुमार के लिए भाजपा के खिड़की दरवाजे सब बंद हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि भाजपा अब किसी को कंधे पर नहीं बैठाएगी। भाजपा के प्रदेश के नेता रोज नीतीश को गालियां दे रहे थे और नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर रहे थे। लेकिन अचानक किसी फीडबैक से भाजपा को लगा कि बिना नीतीश के चुनाव लड़ने पर भाजपा को नुकसान हो सकता है। इसलिए सारी बातें भूल कर उनको फिर से गले लगा लिया गया। रातों रात नीतीश कुमार फिर सुशासन बाबू बन गए। प्रधानमंत्री उनको बधाई और शुभकामना देने लगे और राज्यपाल ने पलक झपकते उनकी सरकार बनवा दी। उनके सारे अवगुण धुल गए। उन्होंने विपक्ष को एकजुट किया था और 'इंडिया' के गठन की नींव रखी थी। उन्होंने केंद्र की सरकार से भाजपा को हराने का संकल्प किया था। नीतीश ने हिसाब बताया था कि 50 सीटें कम कर दी जाएं तो भाजपा का बहुमत कम हो जाएगा।**

झारखंड में अगर संवैधानिक मर्यादा का मजाक बना तो उससे पहले बिहार में राजनीतिक नैतिकता का मजाक बना। सोचें, ये दोनों घटनाएं अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन और रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हुई हैं। भाजपा और हिंदुवादी संगठन महीनों से प्रचार कर रहे थे कि राम आएंगे। फिर राम आ गए। लेकिन क्या राम के साथ उनकी मर्यादा भी आई है? क्या यही राम की मर्यादा है कि फायदे के लिए जानी दुश्मन को भी गले लगा लो या फायदे के लिए संवैधानिक व राजनीतिक मर्यादा को ताक पर रख दो? क्या भगवान राम ने अयोध्या की गद्दी पर बैठने के लिए इस तरह के काम किए थे? कथित तौर पर राम को लाने वालों को क्या राम की मर्यादा, वीरता, साहस, विनम्रता, त्याग, उदात्त चरित्र का जरा सा भी पालन नहीं करना चाहिए?

भाजपा के नेता पानी पी–पीकर नीतीश को कोस रहे थे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कई बार बिहार जाकर ऐलान किया था कि नीतीश कुमार के लिए भाजपा के खिड़की दरवाजे सब बंद हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि भाजपा अब किसी को कंधे पर नहीं बैठाएगी। भाजपा के प्रदेश के नेता रोज नीतीश को गालियां दे रहे थे और नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर रहे थे। लेकिन अचानक किसी फीडबैक से भाजपा को लगा कि बिना नीतीश के चुनाव लड़ने पर भाजपा को नुकसान हो सकता है। इसलिए सारी बातें भूल कर उनको फिर से गले लगा लिया गया। रातों रात नीतीश कुमार फिर सुशासन बाबू बन गए। प्रधानमंत्री उनको बधाई और शुभकामना देने लगे और राज्यपाल ने पलक झपकते उनकी सरकार बनवा दी। उनके सारे अवगुण धुल गए। उन्होंने विपक्ष को एकजुट किया था और 'इंडिया' के गठन की नींव रखी थी। उन्होंने केंद्र की सरकार से भाजपा को हराने का संकल्प किया था। नीतीश ने हिसाब बताया था कि 50 सीटें कम कर दी जाएं तो भाजपा का बहुमत कम हो जाएगा। वह 272 के जादुई आंकड़े से नीचे आ जाएगी। तभी भाजपा चिंता में थी और चिंता दूर करने का तरीका यह निकाला गया कि नीतीश कुमार को फिर मुख्यमंत्री बना कर उनको अपने साथ मिला लिया गया।

सोचें, बिहार में नीतीश कुमार को भाजपा ने अपना जानी दुश्मन माना था। जब वे पहली बार भाजपा को छोड़ कर गए थे तब नरेंद्र मोदी ने उनके डीएनए में गड़बड़ी का आरोप लगाया था। असल में मोदी का उनसे विवाद बरसों पुराना है, जब नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री थे और भाजपा जूनियर पार्टनर थी, तब सन 2010 में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पटना में हुई थी और नीतीश कुमार ने भाजपा के सभी नेताओं को रात्रिभोज का न्योता दिया था। जिस दिन रात्रिभोज रखा गया था उसी दिन बिहार के अखबारों में गुजरात के तब के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी का एक विज्ञापन छप गया, जिसमें किसी चुनाव प्रचार के दौरान वे नीतीश कुमार का हाथ उठा कर खड़े हैं। इस विज्ञापन से नीतीश इतना भड़के कि उन्होंने रात्रिभोज रद्द कर दिया। उसके बाद उन्होंने ऐलान किया था कि अगर भाजपा मोदी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाती है तो वे तालमेल खत्म कर लेंगे। उन्होंने 2013 में भाजपा की घोषणा के बाद तालमेल खत्म कर लिया। उसके बाद ही मोदी ने उनके डीएनए में गड़बड़ी का आरोप लगाया था।इसके बाद चार साल तक दोनों पार्टियां अलग अलग रहीं। 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी ने नीतीश को हराया तो 2015 के विधानसभा चुनाव में नीतीश ने लालू प्रसाद के साथ मिल कर मोदी को शिकस्त दी। लेकिन दो साल बाद 2017 में भाजपा अपने सारे अपमान भूल गई और नीतीश कुमार के साथ मिल कर बिहार में सरकार बना ली। 2015 के चुनाव की हार से भाजपा ने यह सबक लिया कि चाहे उसने नीतीश को कुछ भी कहा हो या नीतीश ने उसक साथ कुछ भी किया हो चुनाव नीतीश के बगैर नहीं लड़ना है। अभी तो लोकसभा चुनाव है, जिसमें नरेंद्र मोदी की सत्ता दांव पर लगी है। इसलिए भी कोई जोखिम लेने का सवाल नहीं था।

# पेच पड़ गए हैं

खबरों में बताया गया है कि अमेरिका भारत को समुद्री और आसमानी गार्जियन ड्रोन्स आपूर्ति तब तक नहीं करेगा, जब तक भारत में गुरपतवंत सिंह पन्नूं मामले की सार्थक जांच नहीं होती है। यह दोनों देशों के रिश्तों में पड़े पेच का संकेत है।

अमेरिका ने भारत को समुद्री और आसमानी गार्जियन ड्रोन्स की सप्लाई रोक दी है। बताया गया है कि यह आपूर्ति तब तक नहीं होगी, जब तक भारत में गुरपतवंत सिंह पन्नूं मामले की सार्थक जांच नहीं होती है। यह खबर एक वेबसाइट ने दी कि अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्यों ने ड्रोन करार की मंजूरी रोक रखी है। इस बारे में जब मीडियाकर्मियों ने संपर्क किया, तो नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने कूटनीतिक भाषा में जवाब दिया कि जो बाइडेन प्रशासन कांग्रेस के साथ इस बारे में कांग्रेस से संवाद कायम रखे हुए है। तीन बिलियन डॉलर का यह ड्रोन करार पिछले जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुचर्चित वॉशिंगटन यात्रा के दौरान हुआ था। आलोचकों ने तब कहा था कि इन ड्रोन्स से अमेरिका की इंडो–पैसिफिक रणनीति को बल मिलेगा, जिसकी कीमत भारत चुका रहा है। बहरहाल, मुद्दे की बात यह है कि जिस ड्रोन सौदे को खुद अमेरिका के लिए फायदेमंद समझा गया, अमेरिकी कांग्रेस ने उसे अब तक हरी झंडी नहीं दी है। यह संकेत है कि अमेरिका में पन्नू मामले को कितनी गंभीरता से लिया गया है।अमेरिका में पन्नू की हत्या की कथित कोशिश से पहले एक अन्य खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में हत्या का विवाद सामने आया था। जब कनाडा ने निज्जर हत्याकांड में भारत के हाथ का आरोप लगाया, तो भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दिखाई थी। मगर पन्नू के मामले में भारत ने जांच का एलान किया। बल्कि संभवतः अमेरिकी दबाव के कारण ही निज्जर मामले में भी भारत ने अपना रुख नरम किया। पिछले हफ्ते कनाडा की निर्वतमान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोडी थॉमस ने एक इंटरव्यू में कहा था कि अब भारत निज्जर हत्याकांड की जांच में पूरा सहयोग कर रहा है। भारत ने इन दोनों मामलों में अपनी कोई भूमिका होने से साफ इनकार किया है। इसके बावजूद अमेरिका संतुष्ट नहीं है। संभवतः वह भारत में पन्नू मामले की चल रही जांच की प्रगति से भी संतुष्ट नहीं है। इस कारण एक महत्वपूर्ण करार में रुकावट डाल दी गई है। यह दोनों देशों के रिश्तों में पड़े पेच का संकेत है।

# कांग्रेस के कई नेता संशय में

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ईडी ने 29 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया था। इससे पहले 17 जनवरी को भी उनसे पूछताछ हुई थी। गुडग़ांव से सटे मानेसर में कथित जमीन घोटाले में उनसे पूछताछ हो रही है। कहा जा रहा है कि इस मामले में डेढ़ हजार करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। बताया जा रहा है कि चार सौ एकड़ जमीन के अधिग्रहण का भय दिखा कर किसानों से औने पौने दाम पर जमीन खरीदी गई थी। इसके अलावा एसोसिएटेड जर्नल्स को जमीन देने का मामला अलग है। सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी की जमीन खरीद का विवाद भी है। हालांकि अभी तक जमीन से जुड़े इतने विवादों के बावजूद हुड्डा आजाद हैं।

कांग्रेस और हुड्डा का कहना है कि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं हैं इसलिए एजेंसी कुछ नहीं कर पा रही है तो दूसरी ओर जानकारों का यह भी कहना है कि भाजपा को उनसे ज्यादा खतरा नहीं दिख रहा है या भविष्य मे उनके इस्तेमाल की उम्मीद है इसलिए उन पर कार्रवाई नहीं हो रही है। जो हो लोकसभा चुनाव और उसके बाद होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव तक उनकी गर्दन पर तलवार लटकी रहेगी।

# कुश्ती चित होने के कगार पर

राजेन्द्र सजवान

पिछले एक साल से भारतीय कुश्ती चित होने की कगार पर खड़ी है। फेडरेशन अध्यक्ष ब्रज भूषण शरण सिंह पर लगे यौन शौषण के आरोपों और तमाम उठा पटक के बाद भी हालात सुधारे नहीं सुधर पा रहे। हालांकि फेडरेशन के चुनाव हो गए हैं लेकिन अब चुने गए पदाधिकारियों और खेल मंत्रालय के बीच तनातनी चल रही है। अनुराग ठाकुर और संजय सिंह नाम के दो पहलवान ताल ठोक कर एक दूसरे को चुनौती देने उतर चुके हैं।

अर्थात कुश्ती पर धोबी पछाड़ का खतरा मंडरा रहा है। हालांकि भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया लेकिन विवाद है की बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते कुश्ती में असमंजस का माहौल बना हुआ है। इसमें दो राय नहीं कि महिला पहलवानों के आक्रोश और धरना प्रदर्शन के बाद से बालिकाओं के अखाड़े प्रभावित हुए हैं तो दूसरी तरफ प्रमुख अखाड़ों में भी पहले सा उत्साह देखने को नहीं मिलता। दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, कर्नाटक, यूपी आदि प्रदेशों के छोटे बड़े अखाड़े यथावत चल रहे हैं लेकिन पहलवानों और गुरु खलीफाओं में एक अलग प्रकार का डर समा गया है। कुछ अखाड़ों के कोच और पहलवान कह रहे हैं कि भले ही कुश्ती फेडरेशन के बड़े लड़ते भिड़ते रहें लेकिन कुश्ती पर कोई असर नहीं पड़नेवाला।

दूसरी तरफ एक वर्ग है जिसे महिला कुश्ती का भविष्य खतरे में नजर आता है। कारण, देश की चैंपियन महिला पहलवानों का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर विलाप और विरोध प्रदर्शन गंभीर विषय माना जा रहा है। एक सर्वे से पता चला है कि कुश्ती की लोकप्रियता का ग्राफ गिर रहा है। बहुत से माता पिता अपने बच्चों को अन्य खेलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। बेशक, कुछ अखाड़ों पर विवाद का असर साफ नजर आ रहा है। महिला पहलवानों की संख्या घटी है।

# ...तो 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी वंदे भारत



### रेल मंत्री बोले– गति बढ़ाने पर तेजी से जारी है काम

नई दिल्ली। वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ाकर 82 कर दी गई है। अब नई दिल्ली–मुंबई व नई दिल्ली–हावड़ा रूट पर इन ट्रेनों की गति 160 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाने पर काम किया जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में 10 सांसदों द्वारा किए गए सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। वंदे भारत की राज्यवार औसत आय सृजन पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि ट्रेन वार और राज्य वार राजस्व सृजन का रखरखाव नहीं किया जाता है। आक्यूपेंसी के सवाल पर रेल मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान वंदे भारत ट्रेनों में आक्यूपेंसी दर 96.62 प्रतिशत रही।

**ऑनलाइन दर्ज कराई जा सकती है शिकायत**

कोई भी नागरिक केंद्रीय सरकार विभाग, राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से संबंधित शिकायत केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) पर दर्ज करा सकता है। केंद्र व राज्य सरकार के प्रत्येक मंत्रालय व विभाग की इस प्रणाली तक पहुंचे हैं और शिकायतों का निस्तारण विकेंद्रीकृत आधार पर किया जाता है।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि केंद्र और राज्य सरकारों के 1.3 लाख शिकायत अधिकारी इस प्रणाली से जुड़े हैं। सीपीजीआरएएमएस को 19 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के शिकायत पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है।

# चीन को पछाड़ देगा भारत, इंटरनेशनल इनर्जी एजेंसी की एक रिपोर्ट में हुआ खुलासा



बेतुल(गोवा)। आर्थिक विकास दर के मामले में चीन से आगे चल रहा भारत कच्चे तेल की मांग में भी उससे आगे निकलने वाला है। जो स्थिति बन रही है उसके मुताबिक अगले 20 से 30 वषो के दौरान दुनिया में कच्चे तेल की अतिरिक्त मांग बनेंगी उसका 25 फीसदी सिर्फ भारत से आएगा। भारत सरकार जिस तरह से आर्थिक विकास दर की रफ्तार लगातार बढ़ाने की कोशिश में है उससे यहां पेट्रोलियम उत्पादों की मांग और बढ़ सकती है। बुधवार को इंडिया एनर्जी वीक में इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी की तरफ से जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई है।रिपोर्ट के अनुसार भारत में कच्चे तेल की मांग वर्ष 2023 में 54.8 लाख बैरल प्रतिदिन था जो वर्ष 2030 तक 66.4 लाख बैरल प्रतिदिन हो जाएगा। भारत तेल खपत के मामले में अभी चीन के बाद दूसरे स्थान पर है लेकिन चीन पीछे छूट जाएगा। संभवतः इसका एक बड़ा कारण यह है कि चीन में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाया जा रहा है।

**तेल मांग को बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण भारत**

रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी से लेकर 2030 तक वैश्विक तेल मांग को बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण भारत होगा।

# वित्तीय हिस्सेदारी का आरोप लगा केंद्र के खिलाफ मुखर हो रहे विपक्षी राज्य

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले विपक्षी राज्य केंद्रीय करों में वाजिब वित्तीय हिस्सेदारी को मुद्दा बना रहे हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की अगुवाई में राजधानी दिल्ली में बुधवार को सूबे की पूरी सरकार के साथ राज्य के कांग्रेस विधायकों–सांसदों का वाजिब हिस्सेदारी की मांग करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध–प्रदर्शन ने इस मुद्दे को गरम कर दिया है। कांग्रेस शासित राज्य कर्नाटक की ओर से इसके जरिए उठाई गई आवाज के सुर अभी धीमे भी नहीं पड़े हैं कि केरल की वाममोर्चा गठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन अपने लाव–लश्कर के साथ राज्य का हिस्सा देने का दबाव बनाने के लिए राजधानी पहुंच चुके हैं। विजयन की अगुवाई में केरल सरकार के मंत्री और उनके सांसद–विधायक गुरुवार को दिल्ली में अपनी हिस्सेदारी देने की आवाज उठाते हुए केंद्र सरकार को घेरने का प्रयास करेंगे।


**पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु ने केंद्र पर साधा निशाना**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी राज्यों का हिस्सा नहीं देने का सवाल उठाते हुए पिछले काफी समय से केंद्र सरकार पर निशाना साधते रहे हैं। संसद के पिछले सत्र में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल सरकार के मंत्रियों, विधायकों और सांसदों ने दिल्ली पहुंच मनरेगा के अटके पैसे समेत वित्तीय सहायता रोकने को लेकर केंद्र के खिलाफ आक्रमक विरोध प्रदर्शन किया।

**कर्नाटक को 1.87 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ**

कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक की सिद्धरमैया सरकार की राज्य को अपेक्षित वित्तीय हिस्सेदारी नहीं देने के सवाल पर बुधवार को किए गए विरोध–प्रदर्शन ने इस विवाद का आयाम बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने केंद्रीय टैक्स में वाजिब हिस्सा नहीं मिलने और कई केंद्रीय अनुदानों में कटौती की बात उठाते हुए कहा कि बीते छह साल के दौरान कर्नाटक को इसकी वजह से 1.87 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

# 'न करें वादी के जाति–धर्म का उल्लेख', सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्री अधिकारियों को दिया निर्देश



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अपने रजिस्ट्री अधिकारियों से बुधवार को कहा कि वे अदालत के हालिया आदेश का अनुपालन करें। बता दें कि आदेश में कहा गया था कि वादियों की जाति या धर्म के उल्लेख का चलन बंद किया जाना चाहिए।

जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने 10 जनवरी को शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को निर्देश दिया था कि वे अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म के उल्लेख का चलन तत्काल बंद करें।सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया सर्कुलर

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जारी सर्कुलर में कहा कि रजिस्ट्री के सभी संबंधित अधिकारी अदालती निर्देशों का अनुपालन करें, लिहाजा अब से इस अदालत के समक्ष दायर याचिकाओं में पक्षकारों के ब्योरे (मेमो) में पक्षकारों की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं किया जाएगा, भले ही ऐसा कोई विवरण नीचे की अदालतों के समक्ष प्रस्तुत किया गया हो। शीर्ष अदालत ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) जैसी बार संस्थाओं को भी निर्देशों का संज्ञान लेने को कहा।

# 'कांग्रेस को कोसने के अलावा मोदी के पास अपना बताने को कुछ नहीं'

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तथ्यों से छेड़छाड़ कर यूपीए सरकार पर अनर्गल टीका–टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि बेरोजगारी से लेकर आर्थिक विकास दर और महंगाई से लेकर आयात–निर्यात संतुलन जैसे हर मोर्चे पर भाजपा सरकार कमजोर साबित हुई है।



**कांग्रेस ने पीएम के बयान पर किया पलटवार**

राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दोनों सदनों में राष्ट्रपति अभिभाषण पर जवाब के दौरान पीएम की ओर से किए बेहद तीखे हमले पर पलटवार करते हुए कहा कि पीएम ने अनगिनत झूठ के सहारे यूपीए और कांग्रेस को कोसा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने बयान जारी कर कहा कि पीएम मोदी को इसका जवाब देना चाहिए कि यूपीए सरकार के समय बेरोजगारी दर 2.2 प्रतिशत थी मगर उनके कार्यकाल में यह 45 सालों में सबसे ज्यादा क्यों है? यूपीए के 10 सालों में दौरान जीडीपी विकास दर औसतन 8.13 रही तो उनके शासन में केवल 5.6 प्रतिशत क्यों?

**खरगे ने वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट का किया जिक्र**

खरगे ने कहा कि वर्ल्ड बैंक की मानें तो 2011 में ही भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। हमने 10 साल में 14 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। लेकिन पीएम इधर–उधर के भाषणों को कांट–छांट कर भ्रम और झूठ फैला रहें हैं। सच्चाई है कि डिजिटल इंडिया की तरक्की की बुनियाद यूपीए ने आधार और डीबीटी के जरिए रखी थी। देश की 65 करोड़ आबादी को 2014 तक आधार दिया जा चुका था। डीबीटी–पहल से सीधे सब्सिडी देने का काम शुरू हो गया था। स्वाभिमान योजना के तहत गरीबों के 33 करोड़ बैंक खाते हम खोल चुके थे।

**कांग्रेस ने एनडीए का मतलब बताया**

खरगे ने कहा कि पीएम मोदी 10 सालों से शासन में हैं मगर अपनी बात करने की बजाय केवल कांग्रेस को कोसते रहे और महंगाई, रोजगार, आर्थिक समानता की कोई बात नहीं की। असल वजह है कि इस सरकार के पास कोई डाटा नहीं है। एनडीए का मतलब ही नो डाटा एवलेवल सरकार है। जनगणना आर्थिक सर्वेक्षण नहीं हुआ, रोजगार, स्वास्थ्य सर्वेक्षण का डाटा नहीं और सरकार सारे आंकड़े छिपा कर झूठ फैलाती है। खरगे ने पीएम की गारंटी पर सियासी तंज कसते हुए कहा कि झूठ फैलाना ही 'मोदी की गारंटी' है। मोदी सरकार की नीतियों पर प्रहार करते हुए खरगे ने कहा कि सरकारी कंपनियों को लेकर वह "बेचो और लूटो" की नीति अपना रही है। अप्रैल 2022 तक 147 सार्वजनिक उपक्रमों को पूरा या आधा बेच दिया गया। सरकारी नौकरियों की भर्ती ठप है और सरकार में 30 लाख पद खाली पड़े है जिसमें एससी–एसटी और ओबीसी के सबसे अधिक पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे, स्टील, नागर विमानन, रक्षा (गैर सैनिक) और पेट्रोलियम इन पांच मंत्रालयों में करीब तीन लाख पद खाली हैं। पीएम एकलव्य स्कूल की बात करते हैं पर यह नहीं बताते कि उनमें 70 फीसद शिक्षक ठेके पर हैं।

# किशोर को डांटना पड़ा भारी, 23 वर्षीय शख्स के पेट और छाती में घोंपा चाकू

शिवमोग्गा (कर्नाटक)। शिकारीपुरा शहर में एक किशोर और उसके तीन दोस्तों ने 23 वर्षीय एक शख्स को चाकू घोंप दिया। दरअसल, शख्स ने आरोपी किशोर को साइकिल पर स्टंट करने और लापरवाही से गाड़ी चलाने के लिए डांटा था, जिससे वो गुस्से में आ गया और घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित का नाम सुशील है और वह एक कॉलेज में कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में काम करता है। किशोर ने सुशील के छाती और पेट पर चाकू से हमला किया। हालांकि, उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

**खतरे से बाहर शख्स**

पुलिस के अनुसार, सुशील मंगलवार शाम को अपने पालतू कुत्ते को घुमाने के लिए ले गया था, तभी उसने एक 16 वर्षीय लड़के को तेज स्पीड से साइकिल चलाते हुए देखा। उन्होंने लड़के को डांटा और इसी बात पर दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। लड़का वहां से चला गया और बाद में अपने तीन दोस्तों के साथ पीड़ित के घर के पास गया। लड़के ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित पर चाकू से वार किया और मौके से भाग गया। पीड़ित को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज किया गया।

# सीएम कार्यालय का घेराव करने की कोशिश कर रहे कर्नाटक के भाजपा नेता गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक में बुधवार को भाजपा विधायकों को उस समय हिरासत में ले लिया गया जब उन्होंने राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार की विफलताओं के खिलाफ अपने विरोध–प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के कार्यालय का घेराव करने की कोशिश की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के नेतृत्व में भाजपा विधायकों और नेताओं ने विधान सौध (कर्नाटक का राज्य विधानमंडल और सचिवालय परिसर) के पास महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना–प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने विधानसभा के अंदर मुख्यमंत्री के कार्यालय की ओर मार्च किया। उस दौरान पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।



**भाजपा ने सिद्दरमैया सरकार की निंदा की**

भाजपा ने वित्तीय न्याय की लड़ाई के लिए सिद्दरमैया के नेतृत्व में सत्तारूढ़ दल द्वारा बुधवार को दिल्ली में आयोजित धरने का विरोध करने के लिए ये विरोध–प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लिए भाजपाइयों ने सूखा प्रभावित किसानों को राहत और दूध उत्पादकों को प्रोत्साहन देने में विफल रहने के लिए कांग्रेस सरकार की कड़ी निंदा करते हुए नारेबाजी की।

# बल्ले से सिर पर किया वार, क्रिकेट मैच हारने पर जमकर मचा बवाल



नई दिल्ली। भारत में क्रिकेट के खेल की लोकप्रियता काफी है। इस खेल को बच्चे से लेकर बड़े तक हर कोई खेलता हुआ नजर आता है। इस खेल में अक्सर टीमों के बीच हार–जीत को लेकर लड़ाई होती रहती है। फिर चाहे बात नेशनल टीम की ही क्यों ना हो, इस खेल में खिलाड़ियों के बीच झड़प देखने को मिलती है।

आपने क्रिकेट मैच में खिलाड़ियों को नो बॉल, गलत फैसले और स्लेजिंग को लेकर आपस में भिड़ते हुए तो जरूर देखा होगा, लेकिन हाल ही में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया है। ये मामला राजस्थान का है, जहां बच्चों के बीच खेले गए क्रिकेट मैच में हार का गम नहीं बर्दाश्त करने पर एक दोस्त ने अपने ही दोस्त की हत्या कर दी। इससे पूरे क्रिकेट जगत में सनसनी फैल गई है।

**क्रिकेट मैच में हुआ मर्डर, दोस्त ने दोस्त की ही कर दी हत्या**

दरअसल, मामला राजस्थान के झालावाड़ जिले के भवानी मंडी का है, जहां मंगलवार को खेले गए एक क्रिकेट मैच में हारने वाली टीम के एक बच्चे ने मर्डर कर दिया। 24 साल के मुकेश , जो कि राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स लेबर कॉलोनी में क्रिकेट मैच खेल रहा था, उसने प्रकाश जिसकी उम्र सिर्फ 15 साल है उसकी हत्या कर दी। प्रकाश अपनी टीम की जीत का जश्न मना रहा था, लेकिन विरोधी टीम में शामिल उनके दोस्त मुकेश को ये बर्दाश्त नहीं हुआ और उसने मैदान पर आपा खोते हुए बल्ले से अपने दोस्त प्रकाश के सिर पर वार किया और इतना मारा की उसकी मौत हो गई। प्रकाश इतने गंभीर तरीके से घायल हो गया था कि उसका बच पाना भी मुश्किल लग रहा था और बेहोशी की हालत में उसे जब अस्पताल ले गए तो वहां से उन्हें कोटा रेफर किया गया और उन्होंने वहां दम तोड़ दिया। बता दें कि कढउ की धारा 302 (मर्डर) के तहत मुकेश मीना को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने इस मामले में बताया कि प्रकाश और मुकेश दोस्त थे। प्रकाश भवानी मंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ता था। मुकेश बीए फाइनल में था। इस घटना के बाद पुलिस कर्मी उनके घर के पैस तैनात है।

# सीएसके को छठी बार चैंपियन बनाने के लिए धोनी हैं तैयार!




नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भले ही इंटरनेशनल क्रिकेट से 15 अगस्त 2020 को संन्यास ले लिया था, लेकिन वह अभी भी आईपीएल (कढछ) खेलते हैं। धोनी ने अपनी कप्तानी में सीएसके को पांच बार आईपीएल का खिताब जिताया हैं।

पिछले सीजन में सीएसके ने गुजरात टाइटंस को फाइनल में मात देकर पांचवीं बार ये टाइटल जीता था। अब आईपीएल 2024 के लिए एमएस धोनी ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। हाल ही में सोशल मीडिया पर माही की एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें वह प्रैक्टिस करते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल, चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी पिछले सीजन में चोटिल हुए थे, जिसके बाद उन्होंने अपने घुटने की सर्जरी भी कराई। धोनी अब ठीक हो चुके हैं और उन्होंने कढछ 2024 के लिए नेट्स में प्रैक्टिस भी शुरू कर दी हैं। माही की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें वह पीले पैड पहनकर हाथ में बल्ला थामे जोरों–शोरों से प्रैक्टिस कर रहे है।

# उदय सहारन धोनी के अंदाज में बचाई टीम इंडिया की डूबती नैया, तूफानी पारी खेलने के बाद पिता को दिया पूरा श्रेय






नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के खिलाफ बेनानी में खेले गए अंडर–19 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल मैच में भारत को 2 विकेट से जीत मिली। मैच में कप्तान उदय सहारन ने 81 रनों की पारी खेली। वहीं, सचिन धास ने 96 रन बनाए। इस जीत के बाद भारतीय टीम ने अंडर–19 विश्वकप 2024 के फाइनल में प्रवेश किया। अब भारत का खिताबी मुकाबला 11 फरवरी को होगा, जहां भारत की भिड़ंत पाकिस्तान या ऑस्ट्रेलिया से होगी, जो दूसरे सेमीफाइनल में कल यानी 8 फरवरी को एक दूसरे से भिड़ेंगें।दरअसल, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी जिस तरह से टीम की पारी को मुश्किल समय में संभालने का काम करते थे। ठीक ऐसा ही अंडर19 विश्व कप में भारत की कप्तानी कर रहे उदय सहारन ने भी कर दिखाया। शुरुआती 4 विकेट गंवाने के बाद कैसे उदय सहारन ने सचिन धास के साथ मिलकर शानदार शतक साझेदारी निभाई, उसको देखकर हर कोई हैरान रह गया।

उदय ने अपनी तूफानी पारी का क्रेडिट अपने पिता को दिया। उन्होंने मैच के बाद कहा कि मेरे पिता भी इसी तरह खेलते थे। धीरे–धीरे शुरुआत करके गेम को डीप तक ले जाना, मैंने उन्हीं से सीखा। भारत ने मैच जी लिया। शुरुआत में नई गेंद के साथ खेलना मुश्किल था, लेकिन बाद में यहआदत सी बन गई। हमारा प्लान था कि हमें आखिरी तक बैटिंग करनी है। हमारे ड्रेसिंग रूम में हमेशा माहौल शानदार रहता है और हम हमेशा अपने प्लेयरर्स का हौसला बढ़ाते है।अगर बात करें पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 244 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने 48.5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के बाद भारत ने अंडर–19 वर्ल्ड कप के फाइनल में एंट्री कर ली और अब भारत का सामना पाक या ऑस्ट्रेलिया के मैच में से जो भी विजेता टीम होगी उससे होगा।

## रवींद्र जडेजा ने राजकोट टेस्ट से पहले अपनी फिटनेस पर दिया बड़ा अपडेट



नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने अपनी चोट पर बड़ी अपडेट दी है। जडेजा ने सोशल मीडिया के जरिये फैंस को अपनी चोट के बारे में अपडेट दी। याद दिला दें कि रवींद्र जडेजा को इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी।इसके बाद वो दूसरे टेस्ट में हिस्सा नहीं ले सके थे। बीसीसीआई जल्द ही इंग्लैंड के खिलाफ शेष तीन टेस्ट मैचों के लिए टीम की घोषणा करने वाला है और ऐसी संभावना है कि रवींद्र जडेजा मौजूदा सीरीज से बाहर हो सकते हैं। जडेजा को जब से हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी, वो निरंतर सोशल मीडिया के जरिये अपनी प्रगति के बारे में अपडेट दे रहे हैं।

**जडेजा ने क्या अपडेट दी**

रवींद्र जडेजा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर एक मुस्कुराते हुए फोटो पोस्ट की और इसके साथ कैप्शन लिखा, "ठीक हो रहा हूं।" जडेजा के पोस्ट को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। फैंस ने कमेंट्स में अपनी मंशा जाहिर करते हुए ऑलराउंडर के जल्दी ठीक होने की कामना की।

# भारतीय क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक दिन, जसप्रीत बुमराह पहली बार बने नंबर–1 गेंदबाज

नई दिल्ली। जसप्रीत बुमराह आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग में नंबर–1 गेंदबाज बन गए हैं। बुमराह के नंबर–1 बनते ही भारत ने इतिहास रच दिया। यह पहला मौका है जब भारतीय तेज गेंदबाज आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचा हो। जसप्रीत बुमराह ने विशाखापट्टनम टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ कुल 9 विकेट झटके, जिसके कारण उन्हें काफी फायदा हुआ।

बुमराह के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में 106 रन से मात देकर सीरीज 1–1 से बराबर की। बुमराह को इस प्रदर्शन के दम पर तीन स्थान का फायदा हुआ और वो गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचे। बुमराह के फायदे से हालांकि रविचंद्रन अश्विन को तगड़ा नुकसान हुआ।




अश्विन ने झेला नुकसान

रविचंद्रन अश्विन ने पिछले साल मार्च से शीर्ष स्थान पर कब्जा कर रखा था। वो इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में केवल तीन विकेट ले सके और इसी कारण उन्हें दो स्थान का नुकसान हुआ। अश्विन ताजा रैंकिंग्स में दो स्थान के नुकसान के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा दूसरे स्थान पर बरकरार हैं।

बुमराह का कमाल

जसप्रीत बुमराह पहली बार टेस्ट रैंकिंग में नंबर–1 बने। 30 साल के तेज गेंदबाज की इससे पहले सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग तीसरा स्थान थी। बुमराह चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने नंबर–1 स्थान हासिल किया। इससे पहले रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और बिशन सिंह बेदी ही नंबर–1 टेस्ट गेंदबाज रहे हैं।

अन्य गेंदबाजों के प्रदर्शन पर नजर डाले तो श्रीलंकाई स्पिनर प्रभात जयसूर्या तीन स्थान के फायदे के साथ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। असित फर्नांडो सात स्थान के सुधार के साथ 34वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

केन विलियमसन नंबर–1

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर–1 पर बरकरार हैं। भारत के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 37 स्थानों की छलांग लगाई और अब वो 29वें नंबर पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ दूसरे जबकि जो रूट तीसरे स्थान पर हैं। जैक क्रॉली आठ स्थान के फायदे के साथ 22वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com